Adda247 GET IT ON Google Play

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 19/08/2026 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

Section : **General Science**

**Q.1** एक जलवायु मॉडलर यह व्याख्या करना चाहता है कि ध्रुवीय क्षेत्रों में वर्ष के दौरान लंबे समय तक अंधेरा और प्रकाश क्यों रहता है? इस परिघटना के लिए कौन-सा कारक सबसे अधिक उत्तरदायी है?

**Ans**
- ✗ A. ध्रुवों पर दिन की लंबाई केवल अक्षांश निर्धारित करते हैं
- ✓ B. पृथ्वी का अक्षीय झुकाव और गोल आकार सूर्य के प्रकाश के वितरण को प्रभावित करता है
- ✗ C. महासागरीय धाराएं प्राप्त सूर्य के प्रकाश की मात्रा को परिवर्तित करती हैं
- ✗ D. वायुमंडलीय संरचना, ध्रुवों पर सूर्य के प्रकाश को अवरुद्ध करती है

**Q.2** अभिक्रिया $MnO_2 + 4HCl \rightarrow MnCl_2 + 2H_2O + Cl_2$ में, कौन-सा पदार्थ ऑक्सीकृत होता है?

**Ans**
- ✗ A. $H_2O$
- ✗ B. $MnO_2$
- ✗ C. $MnCl_2$
- ✓ D. HCl

**Q.3** स्तनधारियों में, फेफड़ों में रक्त के परिवहन के संबंध में चार-कक्षीय हृदय होने का प्राथमिक लाभ क्या है?

**Ans**
- ✗ A. यह रक्त को हृदय के माध्यम से केवल एक बार प्रवाहित होने देता है
- ✓ B. यह ऑक्सीजनित और विऑक्सीजनित रक्त के मिश्रण को रोकता है
- ✗ C. यह फेफड़ों में रक्तदाब को कम करता है
- ✗ D. यह सुनिश्चित करता है कि फेफड़ों के ऊतकों में केवल ऑक्सीजनित रक्त ही प्रवेश करे

**Q.4** एक-कोशीय जीवों द्वारा भोजन ग्रहण करने के संबंध में गलत कथन का चयन कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. अमीबा पादाभ बनाकर भोजन ग्रहण करता है।
- ✓ B. अमीबा में पोषण का स्वपोषित मोड होता है।
- ✗ C. अंत:कोशिका की प्रक्रिया द्वारा भोजन अंदर ग्रहण किया जाता है।
- ✗ D. पैरामीशियम गति करने और भोजन को पकड़ने के लिए सिलिया का उपयोग करता है।

**Q.5** जब किसी जार के भीतर एक घंटी बजती है और वायु को धीरे-धीरे बाहर निकाला जाता है, तो ध्वनि पर क्या प्रभाव पड़ता है?

**Ans**
- ✓ A. वायु निकाले जाने पर ध्वनि क्षीण होती जाती है
- ✗ B. ध्वनि के तारत्व में वृद्धि हो जाती है
- ✗ C. ध्वनि अधिक तीव्र हो जाती है
- ✗ D. वायु निकाले जाने पर घंटी तुरंत कंपन करना बंद कर देती है

# Test Prime By Adda247

# ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

*Test. Analyze. Improve. Repeat.*

## Don't just prepare. Perform.

Test Prime – built only for mock tests.




**1,50,000+** Mock Tests

**25,000+** Previous Year Papers

**800+** Exam Covered

**500%** Refund on Selection

**5 lakh+** Free Quizzes

**Daily** Free PDFs

**Top Alerts** Stay Updated

## WHY TEST PRIME?

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas
- All India Rankings

Safe & Reliable

Trusted by Lakhs of Aspirants

Your Success, Our Mission

## DOWNLOAD TEST PRIME

*Your Success Partner!*

GET IT ON Google Play

Download on the App Store


Test Prime
SUCCESS GALLERY!
MEET THE ACHIEVERS
Shreya, SBI PO
Sahil, SBI PO
Srijita, SBI PO
Vikram, IBPS PO
Neeti, IBPS PO
Arya, IBPS PO
Hasan, SSC CGL
Palak, SSC CGL
Priti, UP TGT
Aniket, Bihar Stet
Shaurya, NTPC
Sarita, CTET
Gourav, NTPC
Sanni, NTPC
Abhishek, CTET
Sapna, IBPS Clerk
THEY DID IT. YOU CAN TOO
READ THEIR STORIES !

**Q.6** एक विद्यार्थी जल में तब तक लवण मिलाता है जब तक कि और लवण विलीन होना बंद न हो जाए तथा कुछ लवण बिना विलीन हुए नीचे बैठ जाए। यह क्या दर्शाता है?

Ans
- ✗ A. निर्मित विलयन एक कोलॉइडी विलयन है
- ✓ B. निर्मित विलयन संतृप्त लवण विलयन है
- ✗ C. लवण, जल में पूर्णतः अविलेय है
- ✗ D. जल में लवण की विलेयता बहुत कम होती है

**Q.7** ऐसे दो साबुन के विलयनों की तुलना करने पर, जिनमें से एक विलयन में तेल की बूंदें (oil droplet) हैं और दूसरे विलयन में नहीं हैं, तो किस विलयन में सुविकसित मिसेल के होने की अधिक संभावना है?

Ans
- ✗ A. बिना तेल वाले विलयन में, क्योंकि साबुन तेल के साथ मिसेल का निर्माण नहीं कर सकता है
- ✓ B. तेल की बूंदों वाले विलयन में, क्योंकि जलविरागी कोर तेल को ट्रैप कर लेते हैं
- ✗ C. दोनों विलयनों में, क्योंकि मिसेल कभी भी तैलीय पदार्थों के साथ अंतःक्रिया नहीं करते हैं
- ✗ D. दोनों में से किसी भी विलयन में नहीं, क्योंकि मिसेल जलीय विलयनों में विद्यमान नहीं हो सकते हैं

**Q.8** जब एथेनॉल को 443 K पर आधिक्य सांद्रित सल्फ्यूरिक अम्ल के साथ गर्म किया जाता है, तो कौन-सा प्रक्रम, एथेनॉल को एथीन में परिवर्तित करता है?

Ans
- ✗ A. एथेनॉल का अपचयन
- ✗ B. एथेनॉल का जल-अपघटन
- ✗ C. एथेनॉल का ऑक्सीकरण
- ✓ D. एथेनॉल का निर्जलीकरण

**Q.9** एक विद्यार्थी एक ही परिपथ में समान पदार्थ और लंबाई लेकिन विभिन्न मोटाई वाले दो तारों का उपयोग करता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, सर्वोत्तम रूप से इसका वर्णन करता है कि क्यों मोटे तार के कारण एमीटर का पाठ्यांक अधिक होता है?

Ans
- ✗ A. मोटे तार में भिन्न पदार्थ होगा, जिसके परिणामस्वरूप अधिक धारा प्रवाहित होगी
- ✓ B. मोटे तार का क्षेत्रफल अधिक होगा, जिसके परिणामस्वरूप निम्नतर प्रतिरोध और उच्चतर धारा प्रवाहित होगी
- ✗ C. मोटे तार का क्षेत्रफल अधिक होगा, जिसके परिणामस्वरूप अधिक प्रतिरोध और निम्नतर धारा प्रवाहित होगी
- ✗ D. मोटे तार में अधिक प्रतिरोधकता होगी, जिसके परिणामस्वरूप अधिक धारा प्रवाहित होगी

**Q.10** दो मशीनें समान लोड उठाती हैं। मशीन P को 100 N के आयास की आवश्यकता होती है, जबकि मशीन Q को 50 N के आयास की आवश्यकता होती है। किस मशीन का यांत्रिक लाभ अधिक होगा?

Ans
- ✗ A. मशीन P
- ✗ B. दोनों मशीनें समान रूप से दक्ष हैं
- ✗ C. इसका निर्धारण नहीं किया जा सकता है
- ✓ D. मशीन Q

**Q.11** एक विद्यार्थी एक धारावाही परिनालिका का उपयोग करके एक छड़ चुबंक (bar magnet) बनाना चाहता है। चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं की कौन-सी व्यवस्था यह दर्शाएगी कि परिनालिका एक छड़ चुंबक के रूप में कार्य कर रही है?

Ans
- ✗ A. चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं परिनालिका के चारों ओर एक सिरे से दूसरे सिरे तक सर्पिल होती हैं
- ✗ B. चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं परिनालिका के अंदर यादृच्छिक रूप से वक्र होती हैं
- ✓ C. चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं एक सिरे से निकलकर दूसरे सिरे में प्रवेश करती हैं, जिससे बाहर की ओर संवृत पाश बनते हैं
- ✗ D. चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं केवल परिनालिका के बाहर सीधी समानांतर रेखाओं का निर्माण करती हैं

**Q.12** निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
कथन I: किसी भी कोश में इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या $2n^2$ द्वारा निर्धारित होती है।
कथन II: तीसरे कोश (n=3) में 12 इलेक्ट्रॉन रह सकते हैं।

Ans
- ✗ A. कथन I और II दोनों सही हैं
- ✗ B. केवल कथन II सही है
- ✗ C. कथन I और II दोनों गलत हैं
- ✓ D. केवल कथन I सही है

**Q.13** एक उत्तल लेंस द्वारा किसी वस्तु का वास्तविक, उल्टा और छोटा प्रतिबिंब बनता है। वस्तु किस स्थिति में रखी गई है?

**Ans**

- ✔ A. 2F से परे
- ✗ B. मुख्य फोकस (F) और 2F के बीच
- ✗ C. 2F पर
- ✗ D. मुख्य फोकस (F) पर

**Q.14** मानव परिसंचरण तंत्र की निम्न दाब वाली शिराओं के अंदर रक्त को पीछे की ओर बहने से कौन रोकता है?

**Ans**

- ✔ A. एकमार्गी वाल्व
- ✗ B. मोटी प्रत्यास्थ भित्ति
- ✗ C. सूक्ष्मदर्शीय केशिका
- ✗ D. उच्च पंपिंग बल

**Q.15** सरल मशीन (simple machine) का प्राथमिक प्रयोजन क्या है?

**Ans**

- ✗ A. किसी कार्य में किए गए कुल कार्य को कम करना
- ✔ B. किसी बल के परिमाण या दिशा को परिवर्तित करके कार्य को आसान बनाना
- ✗ C. किसी वस्तु के भार में वृद्धि करना
- ✗ D. ऊर्जा उत्पन्न करना

**Q.16** पृथ्वी से देखने पर तारे टिमटिमाते हुए क्यों दिखाई देते हैं?

**Ans**

- ✗ A. वायु में धूल के कणों द्वारा प्रकाश के प्रकीर्णन के कारण
- ✗ B. वायुमंडलीय गैसों द्वारा प्रकाश के अवशोषण के कारण
- ✔ C. वायुमंडल में विभिन्न वायु परतों के कारण होने वाले अपवर्तन के कारण
- ✗ D. बादलों से प्रकाश के परावर्तन के कारण

**Q.17** रॉबर्ट हुक (Robert Hooke) ने सर्वप्रथम "कोशिकाएँ" की खोज करने के लिए किस पदार्थ का उपयोग किया था?

**Ans**

- ✗ A. पत्ती की सतह (Leaf surface)
- ✗ B. प्याज का छिलका (Onion peel)
- ✗ C. मानव कपोल (Human cheek)
- ✔ D. कॉर्क की काट (Cork slice)

**Q.18** निम्नलिखित में से कौन-सा, लवण-जल (brine) के विद्युत-अपघटन के दौरान कैथोड पर बनने वाला उत्पाद है?

**Ans**

- ✗ A. क्लोरीन गैस
- ✗ B. ऑक्सीजन गैस
- ✗ C. सोडियम धातु
- ✔ D. हाइड्रोजन गैस

**Q.19** हैबरलैंड्ट (Haberlandt) द्वारा प्रस्तावित, एकल परिपक्व पादप कोशिका की पूर्ण पादप में विकसित होने की क्षमता को क्या कहा जाता है?

**Ans**

- ✗ A. पारगम्यता (Permeability)
- ✗ B. संपर्क संदमन (Contact inhibition)
- ✗ C. स्फीति (Turgidity)
- ✔ D. पूर्णशक्तता (Totipotency)

Adda247

Q.20 ऐलुमिनियम, ऑक्सीजन के साथ अभिक्रिया करता है। इस अभिक्रिया के उत्पाद को कौन-सा रासायनिक सूत्र निरूपित करता है?

Ans
- ✗ A. $AlO_2$
- ✗ B. $Al_3O_2$
- ✗ C. $Al_2O$
- ✓ D. $Al_2O_3$

Q.21 एक जलवायु विशेषज्ञ यह विश्लेषण करता है कि क्यों दक्षिणी गोलार्ध गॉयर (gyres) एक विशिष्ट दिशा में घूर्णन करते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा कारक, मुख्य रूप से इन महासागरीय गॉयरों के घूर्णन पैटर्न की व्याख्या करता है?

Ans
- ✗ A. पवन की दिशा सभी घूर्णन को संचालित करती है
- ✓ B. पृथ्वी का घूर्णन जल संचलन को विक्षेपित करता है
- ✗ C. भू-संहति वितरण, प्रवाह को परिवर्तित करता है
- ✗ D. ताप प्रवणता जल को धक्का देती है

Q.22 सीधी रेखा में गतिमान किसी वस्तु के स्थिति-समय ग्राफ की ढाल (slope) द्वारा किस राशि को दर्शाया जाता है?

Ans
- ✗ A. त्वरण
- ✓ B. रैखिक वेग
- ✗ C. संवेग
- ✗ D. बल

Q.23 यदि बल का मात्रक न्यूटन है, तो मूल SI मात्रकों का कौन-सा संयोजन एक न्यूटन बनाता है?

Ans
- ✗ A. मीटर प्रति किलोग्राम प्रति वर्ग सेकंड
- ✗ B. किलोग्राम प्रति मीटर प्रति सेकंड
- ✓ C. किलोग्राम मीटर प्रति वर्ग सेकंड
- ✗ D. किलोग्राम मीटर प्रति सेकंड

Q.24 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उस परिणाम का सर्वोत्तम वर्णन करता है जब गैसीय अवस्था में सोडियम परमाणु, एक इलेक्ट्रॉन का त्याग करता है?

Ans
- ✗ A. परमाणु, ऋणात्मक आवेश वाला सोडियम आयन बन जाता है
- ✓ B. परमाणु, धनात्मक आवेश वाला सोडियम आयन बन जाता है
- ✗ C. परमाणु एक उदासीन सोडियम परमाणु बना रहता है
- ✗ D. परमाणु, न्यूट्रॉन में परिवर्तित हो जाता है

Q.25 यदि ओजोन परत द्वारा UV विकिरण को अवरुद्ध नहीं किया जाता है, तो इसका मानव पर प्राथमिक हानिकारक प्रभाव क्या होता है?

Ans
- ✗ A. एनीमिया
- ✓ B. त्वचा कैंसर
- ✗ C. दमा
- ✗ D. अतिरक्तदाब

Section : **Mathematics**

Q.26 10 विद्यार्थियों के एक समूह में, न्यूनतम 9 प्राप्तांकों का माध्य 46 है जबकि अधिकतम 9 प्राप्तांकों का माध्य 50 है। 10 विद्यार्थियों के पूर्ण समूह के लिए, अधिकतम संभव माध्य, न्यूनतम संभव माध्य से कितना अधिक है?

Ans
- ✗ A. 3.6
- ✗ B. 3.4
- ✓ C. 3.2
- ✗ D. 4.3

Adda247

**Q.27** A किसी कार्य को 24 दिनों में पूरा कर सकता है, जबकि B उसी कार्य को 16 दिनों में पूरा कर सकता है। A कार्य शुरू करता है, और B के शामिल होने से पहले 6 दिन तक कार्य करता है। उसके बाद, वे शेष कार्य को पूरा करने के लिए मिलकर काम करते हैं। कार्य कितने दिनों में पूरा होगा?

Ans
- ✔ A. 13.2 दिन
- ✘ B. 16.2 दिन
- ✘ C. 14.5 दिन
- ✘ D. 15 दिन

**Q.28** यदि ₹2,70,000 की राशि को अर्ध-वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 10% वार्षिक ब्याज की दर पर एक वर्ष के लिए निवेश किया जाता है, तो चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. ₹27,850
- ✘ B. ₹25,825
- ✘ C. ₹27,625
- ✔ D. ₹27,675

**Q.29** दो बैंकों, A और B ने क्रमशः 3.5% और 8.5% वार्षिक दर पर ऋण प्रदान किए। शिवम ने प्रत्येक बैंक से ₹2,40,000 की धनराशि का ऋण लिया। 4 वर्ष के पश्चात शिवम द्वारा दोनों बैंकों को चुकाए गए साधारण ब्याज की धनराशियों के बीच धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 49,000
- ✘ B. 47,500
- ✘ C. 49,500
- ✔ D. 48,000

**Q.30** एक दुकानदार एक खिलौने के अंकित मूल्य पर 23% की छूट देने पर ₹56 का लाभ अर्जित करता है। यदि उसका लाभ 10% है, तो खिलौने का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. ₹770
- ✘ B. ₹870
- ✔ C. ₹800
- ✘ D. ₹805

**Q.31** सचिन का मासिक वेतन ₹15,000 है। वह प्रत्येक माह घर के किराए पर ₹5,500 और यूटिलिटी बिलों पर ₹2,000 का व्यय करता है तथा शेष राशि की बचत करता है। यदि, अपने जन्मदिवस वाले महीने के दौरान, वह अपनी संपूर्ण मासिक बचत अपने जन्मदिवस के उत्सव पर व्यय कर देता है, तो वर्ष के लिए उसकी कुल बचत (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 90,000
- ✘ B. 67,500
- ✘ C. 75,000
- ✔ D. 82,500

**Q.32** यदि माता की वर्तमान आयु का तीन गुना, उसकी पुत्री की आयु के आठ गुना से 24 वर्ष अधिक है, और पुत्री की आयु का तीन गुना, माता की आयु से 3 वर्ष कम है, तो माता और पुत्री की आयु में अंतर (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 36
- ✔ B. 33
- ✘ C. 28
- ✘ D. 35

**Q.33** राजन अपनी आय का 60% घरेलू व्ययों पर खर्च करता है। शेष आय में से वह 50% की बचत करता है। यदि उसकी बचत ₹8,000 है, तो उसकी कुल आय ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. ₹32,000
- ✔ B. ₹40,000
- ✘ C. ₹45,000
- ✘ D. ₹35,000

Adda247

Q.34 यदि cosec θ + cot θ = p, p > 1 है, तो $\frac{\sec\theta + 1}{\sec\theta - 1}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 2p
- ✗ B. $p^2 + 1$
- ✗ C. $p^2 - 1$
- ✓ D. $p^2$

Q.35 कार M को बिंदु A से बिंदु B तक जाने में 7 घंटे लगते हैं। यदि वह समान दूरी अपनी वास्तविक चाल से 23.8 km/hr कम चाल से तय करती, तो उसे 8 घंटे लगते। बिंदु A और B के बीच की दूरी कितनी है?

Ans
- ✓ A. 1332.8 km
- ✗ B. 1333.9 km
- ✗ C. 1331.5 km
- ✗ D. 1330.2 km

Q.36 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\frac{1+\sin\theta}{\cos\theta}+\frac{\cos\theta}{1+\sin\theta}$$

Ans
- ✗ A. $2\sin\theta$
- ✗ B. $2\cos\theta$
- ✓ C. $2\sec\theta$
- ✗ D. $2\text{cosec}\,\theta$

Q.37 एक वर्ग का परिमाप 564 m है। इसका क्षेत्रफल ($m^2$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 19881
- ✗ B. 19841
- ✗ C. 19880
- ✗ D. 19892


Q.38 किसी घनाभ के तीन कोर, समांतर श्रेढ़ी में हैं और उसका आयतन 384 $cm^3$ है। यदि सबसे छोटे कोर की माप 4 cm है, तो सबसे बड़े कोर की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 14 cm
- ✗ B. 17 cm
- ✗ C. 32 cm
- ✓ D. 12 cm

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.39** दिए गए पाई चार्ट में, सप्ताह के विभिन्न दिनों में हुई दुर्घटनाओं की संख्या के आंकड़ों का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।




यदि गुरुवार के आंकड़ों को हटा दिया जाता है और शेष आंकड़ों को पाई चार्ट पर आरेखित किया जाता है, तो बुधवार द्वारा केंद्र पर पहले और अब बनाए गए कोणों में अंतर (डिग्री में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 45
- ✗ B. 30
- ✗ C. 25
- ✓ D. 20

**Q.40** राम ₹240 में 8 पेन और ₹54 में 6 पेंसिल खरीदता है। उसे 1 पेन और 3 पेंसिलें खरीदने के लिए कितनी धनराशि की आवश्यकता होगी?

**Ans**
- ✗ A. ₹78
- ✗ B. ₹48
- ✓ C. ₹57
- ✗ D. ₹69

**Q.41** निम्नलिखित तालिका एक परीक्षा में विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों का बंटन दर्शाती है: प्रत्यक्ष विधि (direct method) का उपयोग करके अंकों का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अंक (x) | 10 | 15 | 20 | 25 | 30 |
| विद्यार्थियों की संख्या | 3 | 7 | 12 | 6 | 2 |

**Ans**
- ✗ A. 18.5
- ✗ B. 13.5
- ✗ C. 23.5
- ✓ D. 19.5

**Q.42** यदि किसी चतुर्भुज के कोणों का अनुपात 2 : 7 : 2 : 7 है, तो यह एक _______ है।

**Ans**
- ✗ A. आयत
- ✗ B. समलंब
- ✗ C. वर्ग
- ✓ D. समांतर चतुर्भुज

Q.43 एक निश्चित राशि 40% वार्षिक दर से दो वर्षों में ₹1,08,864 हो जाती है, जबकि ब्याज अर्ध-वार्षिक रूप से संयोजित होता है। यदि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है, तो समान राशि पर, समान दर से और समान समय के लिए देय मिश्रधन (₹ में) कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 1,07,300
- ✗ B. 1,08,200
- ✗ C. 1,07,600
- ✓ D. 1,02,900

Q.44 एक विक्रेता ₹21,115 में 41 लैपटॉप बैग खरीदता है और उन्हें ₹13,520 में 26 बैग की दर से बेचता है। कुल ₹8,845 का लाभ अर्जित करने के लिए, इस दर पर कितने लैपटॉप बैग खरीदे और बेचे जाने चाहिए?

Ans
- ✗ A. 1745
- ✓ B. 1769
- ✗ C. 1757
- ✗ D. 1760

Q.45 संख्या 1408, निम्नलिखित में से किस संख्या से विभाज्य है?

Ans
- ✗ A. 24
- ✗ B. 13
- ✓ C. 22
- ✗ D. 21

Q.46 जब 42 kg वजन वाले बच्चे के स्थान पर एक नए बच्चे को शामिल किया जाता है, तो 12 बच्चों के औसत वजन में 1.5 kg की वृद्धि हो जाती है। नए बच्चे का वजन ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 62 kg
- ✗ B. 61 kg
- ✓ C. 60 kg
- ✗ D. 59 kg

Q.47 $\frac{(a^3 b^{-2})^2 (a^{-1} b^5)^3}{a^4 b^{-1}}$ को सरल कीजिए।

Ans
- ✗ A. $\frac{b^8}{a^3}$
- ✗ B. $\frac{a}{b^9}$
- ✓ C. $\frac{b^{12}}{a}$
- ✗ D. $\frac{a^2}{b^6}$

Q.48 एक एयरक्राफ्ट ने स्थान A से स्थान B तक 1440 km की दूरी $10\frac{1}{2}$ घंटे में तय की। एयरक्राफ्ट, बीच में दो स्थानों पर क्रमशः 10 min और 20 min के लिए रुका था। एयरक्राफ्ट की औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 140 km/hr
- ✓ B. 144 km/hr
- ✗ C. 154 km/hr
- ✗ D. 148 km/hr

**Q.49** निम्नलिखित अनुपातों का सही आरोही क्रम क्या है?
**12:13, 25:26, 2:3, 5:6**

**Ans**
✔ A. 2:3, 5:6, 12:13, 25:26
✘ B. 5:6, 2:3, 12:13, 25:26
✘ C. 2:3, 12:13, 5:6, 25:26
✘ D. 2:3, 5:6, 25:26, 12:13

**Q.50** P, Q और R के वेतन का अनुपात 3 : 4 : 5 है। उनके वेतन में क्रमशः 5%, 10% और 15% की वृद्धि होती है। वृद्धि के बाद उनके वेतन का नया अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✘ A. 63 : 84 : 115
✘ B. 53 : 88 : 105
✘ C. 63 : 78 : 115
✔ D. 63 : 88 : 115

Section : **General Intelligence and Reasoning**

**Q.51** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से, TVYC का संबंध EGJN से है। उसी प्रकार, UWZD का संबंध FHKO से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, ACFJ का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

**Ans**
✘ A. LNPU
✔ B. LNQU
✘ C. LOPW
✘ D. LMPU

**Q.52** यदि '+' का अर्थ '–' है, '–' का अर्थ '×' है, '×' का अर्थ '÷' है और '÷' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**30 – 5 ÷ 15 + 24 × 6 = ?**

**Ans**
✔ A. 161
✘ B. 1
✘ C. 198
✘ D. 10

**Q.53** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

**Ans**
✘ A. XVT
✔ B. PKH
✘ C. PNL
✘ D. TRP

**Q.54** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन: कुछ चमगादड़, कुत्ते हैं। कोई कुत्ता, कैन नहीं है।

निष्कर्ष (I): कुछ चमगादड़, कैन हैं।
निष्कर्ष (II): कुछ कुत्ते, चमगादड़ हैं।

**Ans**
✘ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
✘ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✘ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
✔ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

Q.55 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सा विकल्प आना चाहिए?

19 21 26 36 53 ?

Ans
- ✔ A. 79
- ✘ B. 84
- ✘ C. 78
- ✘ D. 75

Q.56 एक निश्चित कूट भाषा में, 'SCAM' को '7532' के रूप में और 'SACK' को '5742' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'K' का कूट क्या होगा?

Ans
- ✘ A. 2
- ✘ B. 5
- ✘ C. 7
- ✔ D. 4

Q.57 यदि संख्या 433535454976 के प्रत्येक विषम अंक से 1 घटाया जाए और प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाईं ओर से तीसरे अंक और दाईं ओर से दूसरे अंक का योगफल कितना होगा?

Ans
- ✘ A. 7
- ✔ B. 8
- ✘ C. 5
- ✘ D. 6

Q.58 निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं एक-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) K € £ E 9 3 T @ 8 M % 7 C A # 5 2 R A $ G I (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा बाईं ओर से छठा होगा?

Ans
- ✘ A. C
- ✔ B. 8
- ✘ C. T
- ✘ D. M

Q.59 किसी निश्चित कूट भाषा में,
A+ B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A # B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'D%R-T+K' हो, तो D का K से क्या संबंध है?

Ans
- ✘ A. पिता
- ✔ B. पति
- ✘ C. भाई
- ✘ D. पुत्र

Q.60 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।

(बाएं) JAR DEW ARM LAG (दाएं)

दाएं से पहले शब्द के पहले अक्षर और बाएं से दूसरे शब्द के दूसरे अक्षर के बीच, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
- ✘ A. 7
- ✘ B. 5
- ✘ C. 4
- ✔ D. 6

Adda247

Q.61 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✔ A. DKQ
- ✘ B. ELS
- ✘ C. CJQ
- ✘ D. TAH

Q.62 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 35 का संबंध 11 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 47 का संबंध 15 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 23 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
- ✔ A. 7
- ✘ B. 5
- ✘ C. 12
- ✘ D. 15

Q.63 एक निश्चित कूट भाषा में, 'CODE' को '8367' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'DECK' को '0736' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'K' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✘ A. 7
- ✘ B. 3
- ✘ C. 8
- ✔ D. 0

Q.64 A, B, C, D, E, F, और G, एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
A के बाईं ओर से गिनने पर A और D के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। E के दाईं ओर से गिनने पर G और E के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे है। G के ठीक दाएं पड़ोस में C बैठा है। F, E के साथ-साथ D का भी निकटतम पड़ोसी है।
B के दाईं ओर से गिनने पर B और C के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✘ A. 3
- ✘ B. 2
- ✘ C. 4
- ✔ D. 1

Q.65 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन-अंक वाली छह संख्याओं पर आधारित है:
(बाएं) 420 529 126 780 288 103 (दाएं)
(उदाहरण: 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएँ से दाएँ की जानी हैं।)

यदि सभी संख्याओं को अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितनी संख्याओं का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
- ✘ A. 1
- ✔ B. 2
- ✘ C. 3
- ✘ D. 4

Adda247

| | | |
|---|---|---|
| Q.66 | P, Q, R, S, T, U, और V, में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है।<br>R की परीक्षा शुक्रवार को है। U और P के बीच ठीक 3 व्यक्तियों की परीक्षा है, जिनमें से किसी की भी परीक्षा रविवार को नहीं है। Q की परीक्षा T के ठीक बाद है। V की परीक्षा P के ठीक पहले है।<br>P और S के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है? | |
| Ans | ✗ A. 1<br>✗ B. 3<br>✓ C. 4<br>✗ D. 2 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.67 | दी गई संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं एकल अंक वाली संख्याएं हैं।<br><br>(बाएं) 9 7 8 $ 2 ^ @ 5 & % 1 Ω 4 # 8 ! 3 6 * (दाएं)<br><br>यदि श्रृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो कौन-सा, दाएं ओर से सातवां होगा? | |
| Ans | ✗ A. 5<br>✗ B. 8<br>✗ C. 1<br>✓ D. 2 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.68 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित निम्नलिखित श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आएगा?<br>VKR ANW FQB KTG ? | |
| Ans | ✓ A. PWL<br>✗ B. QWM<br>✗ C. OXK<br>✗ D. QVL | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.69 | P, Q, R, S, T, U, और V, में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है।<br>V की परीक्षा मंगलवार को है। V और R के बीच ठीक 3 व्यक्तियों की परीक्षा है। P की परीक्षा, T से ठीक पहले है और Q की परीक्षा, T के ठीक बाद है। P और S के बीच केवल 1 व्यक्ति की परीक्षा है।<br>R और T के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है? | |
| Ans | ✗ A. 2<br>✗ B. 4<br>✗ C. 3<br>✓ D. 1 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.70 | P, Q, R, S, T, U, और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है।<br>T की परीक्षा मंगलवार को है। T और V की परीक्षाओं के बीच ठीक 2 व्यक्तियों की परीक्षा है। P की परीक्षा, S की परीक्षा से ठीक पहले है और R की परीक्षा, Q की परीक्षा के ठीक बाद है। S और Q की परीक्षाओं के बीच केवल 1 व्यक्ति की परीक्षा है।<br>रविवार को किसकी परीक्षा है? | |
| Ans | ✗ A. U<br>✗ B. S<br>✓ C. R<br>✗ D. V | |

Q.71 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 8 का संबंध 510 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 9 का संबंध 727 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 10 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
- ✗ A. 972
- ✗ B. 990
- ✓ C. 998
- ✗ D. 963

Q.72 आठ मित्र आकाश, दृष्टि, कनिका, काजल, चारू, रवि, शिवि और परी एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। आकाश, कनिका के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। कनिका, काजल के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठी है। चारू और कनिका की निकटतम पड़ोसी परी है। दृष्टि, परी के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। रवि, दृष्टि का निकटतम पड़ोसी नहीं है। रवि के बाईं ओर से गिनने पर शिवि और रवि के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. चार
- ✗ B. तीन
- ✓ C. दो
- ✗ D. एक

Q.73 यदि संख्या **6352814** के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाता है और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाता है, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में दाईं ओर से तीसरा अंक कौन-सा होगा?

Ans
- ✗ A. 4
- ✓ B. 6
- ✗ C. 0
- ✗ D. 2

Q.74 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?
# : WRP :: JUG : %

Ans
- ✗ A. # = TPM , % = MXH
- ✗ B. # = UOM , % = MZJ
- ✓ C. # = TOM , % = MXJ
- ✗ D. # = TON , % = NXJ

Q.75 निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) G Y # B D W & L % J R U * T @ W A Z Q $ V N K S (दाएँ)

ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक तथा ठीक बाद एक और प्रतीक है?

Ans
- ✓ A. दो
- ✗ B. तीन
- ✗ C. एक
- ✗ D. चार

Q.76 यदि MIXABLE शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
- ✗ A. दो
- ✓ B. एक की भी नहीं
- ✗ C. तीन
- ✗ D. एक

Q.77 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। आपको कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। ज्ञात कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन: कुछ कुर्सी, मेज हैं। सभी मेज, लकड़ी हैं।

निष्कर्ष (I): कुछ लकड़ी, कुर्सी हैं।
निष्कर्ष (II): कोई भी लकड़ी, कुर्सी नहीं है।

Ans
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✓ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✗ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✗ D. निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (II) दोनों अनुसरण करते हैं

Q.78 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A – B का अर्थ है है कि 'A, B का भाई है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A % B का अर्थ है है कि 'A, B का पिता है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'S + A – E @ R % N' है, तो S का N से क्या संबंध है?

Ans
- ✓ A. माता के भाई का पुत्र
- ✗ B. भाई
- ✗ C. माता का भाई
- ✗ D. पिता

Q.79 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए युग्मों के दो समुच्चय द्वारा अनुसरण किए गए पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
EHY : HGU
JEO : MDK

Ans
- ✗ A. PGZ : SFU
- ✗ B. IBR : LAM
- ✓ C. NQV : QPR
- ✗ D. DIV : GGR

Q.80 शब्द COWGIRL के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में बाएं से तीसरे अक्षर और दाएं से दूसरे अक्षर के बीच, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
- ✓ A. आठ
- ✗ B. सात
- ✗ C. ग्यारह
- ✗ D. नौ

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 निम्नलिखित में से कौन-सी, 5 अक्टूबर 2025 को मनाये जाने वाले विश्व शिक्षक दिवस की थीम थी?

Ans
- ✓ A. शिक्षण को सहयोगी पेशे के रूप में पुनर्परिभाषित करना (Recasting teaching as a collaborative profession)
- ✗ B. शिक्षकों के विचारों को महत्व देना: शिक्षा के लिए एक नए सामाजिक समझौते की ओर (Valuing teacher voices: Towards a new social contract for education)
- ✗ C. शिक्षा का रूपांतरण शिक्षकों से शुरू होता है (The transformation of education begins with teachers)
- ✗ D. शिक्षार्थियों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करना (Inspiring the Next Generation of Learners)

Q.82 मार्च 2026 में विश्व व्यापार संगठन का 14वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (MC14) कहाँ आयोजित किया गया था?

Ans
- ✗ A. नैरोबी, केन्या (Nairobi, Kenya)
- ✗ B. अदीस अबाबा, इथियोपिया (Addis Ababa, Ethiopia)
- ✗ C. अबू धाबी, यूएई (Abu Dhabi, UAE)
- ✓ D. याउन्डे, कैमरून (Yaoundé, Cameroon)

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.83 कई वर्षों तक बाघों की संख्या घटने के बाद बाघों के देखे जाने की पुष्टि होने पर, भारत की 2026 बाघ अनुमान प्रक्रिया में किस राज्य को बाघों की उपस्थिति के लिए फिर से पहचान मिली?

Ans
- ✗ A. उत्तर प्रदेश
- ✓ B. गुजरात
- ✗ C. महाराष्ट्र
- ✗ D. ओडिशा

Q.84 मई 2026 में पीएम मोदी की रोम की यात्रा के दौरान, किस आध्यात्मिक लीडर ने उन्हें यह जानकारी दी कि सनातन धर्म संघ को इतालवी संसद द्वारा आधिकारिक धर्म के रूप में मान्यता दे दी गई है?

Ans
- ✗ A. स्वामी विवेकानंद
- ✓ B. स्वामिनी शुद्धानंदा घिरी
- ✗ C. माता अमृतानंदमयी
- ✗ D. सद्‌गुरु जग्गी वासुदेव

Q.85 चीन के तियानजिन (Tianjin) में आयोजित एशियन इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में, किस भारतीय एथलीट ने एक नया राष्ट्रीय इंडोर रिकॉर्ड स्थापित करके पुरुषों की हेप्टाथलॉन में स्वर्ण पदक जीता?

Ans
- ✗ A. जेसविन एल्ड्रिन
- ✓ B. तेजस्विन शंकर
- ✗ C. एल्डहोस पॉल
- ✗ D. अविनाश साबले

Q.86 मिलानो कोर्टिना 2026 विंटर ओलंपिक में किस अल्पाइन स्कीयर ने तीन गोल्ड मेडल (डाउनहिल, सुपर-G और टीम कंबाइंड) जीते?

Ans
- ✗ A. लुकास पिनहेरो ब्राथेन (Lucas Pinheiro Braathen)
- ✗ B. मिकाएला शिफरीन (Mikaela Shiffrin)
- ✗ C. मार्को ओडरमैट (Marco Odermatt)
- ✓ D. फ्रांजो वॉन ऑलमेन (Franjo von Allmen)

Q.87 निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य, केंद्र शासित प्रदेश दीव में आयोजित खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 में थ्री-वे टाई (three-way tie) को तोड़ते हुए सबसे अधिक कांस्य पदक जीतकर समग्र चैंपियन बना?

Ans
- ✗ A. मध्य प्रदेश
- ✓ B. कर्नाटक
- ✗ C. मणिपुर
- ✗ D. तमिलनाडु

Q.88 वस्तु एवं सेवा कर (GST) के कार्यान्वयन के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हैदराबाद में GST दिवस 2026 कब मनाया गया था?

Ans
- ✗ A. 22 जनवरी 2026
- ✗ B. 15 अगस्त 2026
- ✗ C. 2 मार्च 2026
- ✓ D. 1 जुलाई 2026

Q.89 जनवरी 2026 में आयोजित 16वें भारत–यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में, भारत के प्रधानमंत्री और यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से किस समझौते को संपन्न करने की घोषणा की?

Ans
- ✓ A. भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (भारत-EU FTA)
- ✗ B. भारत–यूरोपीय संघ निवेश संरक्षण समझौता
- ✗ C. भारत–यूरोपीय संघ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता
- ✗ D. भारत–यूरोपीय संघ डिजिटल साझेदारी समझौता

| Q.90 | अप्रैल 2026 में रिपोर्ट किया गया AI प्लेटफॉर्म 'सरल AI (SARAL AI)' को अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (ANRF) द्वारा निम्नलिखित में से किस उद्देश्य के लिए विकसित किया जा रहा है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. व्यापक सार्वजनिक प्रसार के लिए जटिल शोध प्रकाशनों और पेटेंटों को सरल, बहुभाषी विषयवस्तु में परिवर्तित करना |
| | ✗ B. सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित अनुसंधान के माध्यम से उत्पन्न पेटेंटों के सुरक्षित भंडारण और व्यावसायीकरण के लिए एक केंद्रीकृत भंडार स्थापित करना |
| | ✗ C. विश्वविद्यालयों में अनुसंधान अनुदान आवंटित करने और संस्थागत निष्पादन की निगरानी के लिए एक AI-संचालित प्लेटफॉर्म बनाना |
| | ✗ D. शोधकर्ताओं के लिए बौद्धिक संपदा आवेदनों की AI-असिस्टेड प्रारुपण और फाइलिंग को सक्षम बनाना |

| Q.91 | भारत की आपात संचार प्रणाली को मजबूत करने के लिए मई 2026 में लॉन्च किया गया सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम (CBS) किस संगठन द्वारा विकसित किया गया था? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) |
| | ✔ B. सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (C-DOT) |
| | ✗ C. राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) |
| | ✗ D. टेलीकम्युनिकेशंस कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (TCIL) |

| Q.92 | मई 2026 में, भारतीय वायु सेना के किस एयरक्राफ्ट प्लेटफ़ॉर्म से तारा ग्लाइड वेपन सिस्टम (TARA glide weapon system) का परीक्षण किया गया था? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. जगुआर स्ट्राइक एयरक्राफ्ट (Jaguar strike aircraft) |
| | ✗ B. तेजस लाइट एयरक्राफ्ट (Tejas light aircraft) |
| | ✗ C. राफेल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (Rafale combat aircraft) |
| | ✗ D. मिराज-2000 फाइटर एयरक्राफ्ट (Mirage-2000 fighter aircraft) |

| Q.93 | किस संगठन ने महिला किसानों को सशक्त बनाने और समावेशी संवृद्धि को बढ़ावा देने के लिए मार्च 2026 में 'कृषि सखी पहल' शुरू की है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. एक्सपोर्ट क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया |
| | ✗ B. यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड |
| | ✔ C. एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (AIC) |
| | ✗ D. नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (NABARD) |

| Q.94 | अप्रैल 2026 में लोकसभा में पेश किया गया कौन-सा भारतीय संविधान संशोधन विधेयक, प्रत्येक राज्य के जनसंख्या के अनुपात में सीटों के सिद्धांत को पुनः स्थापित करता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. संविधान (141वां संशोधन विधेयक) |
| | ✔ B. संविधान (131वां संशोधन विधेयक) |
| | ✗ C. संविधान (121वां संशोधन विधेयक) |
| | ✗ D. संविधान (111वां संशोधन विधेयक) |

| Q.95 | केंद्रीय बजट 2026–27 के अनुसार, नव घोषित खेलो इंडिया मिशन का उद्देश्य अगले ______ में भारत के खेल क्षेत्र को रुपांतरित करना है। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 10 वर्षों |
| | ✗ B. 15 वर्षों |
| | ✗ C. 5 वर्षों |
| | ✗ D. 20 वर्षों |

| Q.96 | अप्रैल 2026 में भारत और कोरिया गणराज्य के बीच कार्बन बाजारों पर कौन-सा अंतर्राष्ट्रीय समझौता सक्रिय हुआ था? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. क्योटो प्रोटोकॉल फ्लेक्सिबिलिटी मैकेनिज्म |
| | ✗ B. कार्बन बार्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (CBAM) |
| | ✔ C. पेरिस समझौते का अनुच्छेद 6.2 |
| | ✗ D. ग्रीन क्लाइमेट फंड (GCF) प्रोटोकॉल |

Adda247

Test
Prime
By Adda247

# PREVIOUS YEAR PAPERS PDF


PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!

Free
25,000+
PDF's

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly

ATTEMPT AS
MOCK

Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.




Topic-wise & Exam-wise PDFs
Download & Study Offline
Attempt as Mock & Track Score
Smart Analysis & Performance

AVAILABLE IN

Banking | SSC | Railway | Teaching | UGC | Agriculture | Nursing

Bihar | UP | Punjab | WB | Odisha | TN | AP & Telangana | Haryana

DOWNLOAD TEST PRIME


Test Prime
SUCCESS GALLERY!
MEET THE ACHIEVERS
Kunal, RRB JE
Shivam, UPSSSC AGTA
Priya, ANM
KHALILUR, LDA
Manoj , PWD
Atin, JENPAS
Shatarupa, OPSC
Arpita, JENPAS
Shital, SSC JE (Mech)
Nancy, UGC NET
Atul, SSC JE (ELCT)
Rahul, SSC JE (CIVILI)
Anand, SSC JE (ELCT)
Mohan, SSC JE (ELCT)
Saurabh, UGC NET
Ved, SSC JE (Mech)
THEY DID IT. YOU CAN TOO
READ THEIR STORIES !

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.97 जून 2026 में ₹33,660 करोड़ के परिव्यय से 100 औद्योगिक पार्क विकसित करने के लिए भारत सरकार द्वारा लॉन्च की गई योजना का क्या नाम है?

Ans
- ✔ A. भव्य (BHAVYA)
- ✘ B. भंडान (BHANDAN)
- ✘ C. भरतव्य (BHARATAVYA)
- ✘ D. नव्य (NAVYA)

Q.98 2026 में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में, किस राजनीतिक दल ने सर्वाधिक संख्या में सीटें हासिल की?

Ans
- ✘ A. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)
- ✘ B. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
- ✔ C. भारतीय जनता पार्टी
- ✘ D. अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस

Q.99 मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल की निरंतरता में महिलाओं के दीर्घकालिक डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड को बनाए रखने के लिए, मई 2026 में नवाचार और समावेशिता पर राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने निम्नलिखित में से कौन-सा सेवा-केन्द्रित डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया था?

Ans
- ✔ A. JANANI
- ✘ B. Sakhi
- ✘ C. LaQshya
- ✘ D. SUMAN

Q.100 डिजिटल सर्वे-आधारित पुनर्वास निगरानी और जमीनी-स्तर पर कार्यान्वयन में सहायता के लिए, 24–26 अप्रैल 2026 को चंडीगढ़ में आयोजित चिंतन शिविर के दौरान सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने निम्नलिखित में से कौन-सा मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च किया था?

Ans
- ✘ A. सुगम्य भारत (Sugamya Bharat) मोबाइल एप्लीकेशन
- ✔ B. स्माइल-बेगरी (SMILE–Beggary) सर्वे मोबाइल एप्लीकेशन
- ✘ C. सिथा (SITHA) मोबाइल एप्लीकेशन
- ✘ D. पीएम-दक्ष (PM-DAKSH) मोबाइल एप्लीकेशन

"

Adda247